वैज्ञानिक बकरी पालन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

28 अप्रैल, 2024, उजवा, दिल्ली

भाकृअनुप-कृषि विज्ञान केन्द्र, उजवा, दिल्ली के द्वारा वैज्ञानिक बकरी पालन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन 18 से 28 अप्रैल तक किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज हुआ।

डॉ देवेन्द्र कुमार राणा, अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, उजवा, दिल्ली ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में स्वरोजगार के लिए बकरी पालन कम लागत में अधिक आमदनी प्राप्त करने का सर्वोत्तम व्यवसाय है। डॉ. राणा ने कहा कि बकरी के दुग्ध में पाये जाने वाले पोषक तत्व, जैसे- जिंक, सेलेनियम, कॉपर एवं आयरन की मात्रा अन्य पशुओं के दुग्ध की तुलना में अधिक पाया जाता जो मानव शरीर में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि बकरी के दुग्ध से मूल्य संवर्धित उत्पाद, जैसे- पनीर व चीज बनाकर भी अच्छी आय प्राप्त की जा सकती है।

इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान, डॉ. जय प्रकाश, विशेषज्ञ (पशुपालन), केवीके, उजवा ने प्रशिक्षुओं को बकरियों की विभिन्न नस्लें, उपयुक्त जलवायु के अनुसार पालन पोषण, चारा प्रबंधन, विभिन्न जीवाणु एवं विषाणु रोग के लक्षण व रोकथाम, आवासीय प्रबंधन व स्वास्थ्य प्रबंधन, नवजात मेमनों की देखभाल, बकरी के प्रसव पूर्व व पश्चात देखभाल आदि के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया।

डॉ. समर पाल सिंह, विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान) ने वर्ष भर हरे चारे के प्रबंधन एवं खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

श्री बृजेश कुमार, विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) ने बकरियों की खाद से मूल्य संवर्धन, पैकिंग एवं वितरण करके अतिरिक्त आय सृजन के बारे में विचार साझा किया।

समापन सत्र के दौरान प्रशिक्षुकों के मूल्यांकन के पश्चात् प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

दिल्ली देहात सहित, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के 31 प्रशिक्षुओं ने इस प्रशिक्षण में उपस्थिति दर्ज कराई।

(स्रोतः भाकृअनुप-कृषि विज्ञान केन्द्र, उजवा, दिल्ली)